प्रेस–विज्ञप्ति

(दिनांक 13 अक्टूबर 2021)

दिनांक 13 अक्टूबर 2021 को यूपीनेडा अभिकरण मुख्यालय पर यूपीनेडा एवं फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एण्ड प्लानिगं एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निीकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के मध्य एम0ओ0यू हस्ताक्षरित किया गया। इस एम0ओ0यू का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में सेमिनार, कार्यशालाओं, लघु पाठ्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम आदि के माध्यम से भवनों मे ऊर्जा संरक्षण से सम्बन्धित कोड (सरकारी एवं वाणिज्यिक भवनों में यूपी ईसीबीसी 2018 एवं आवासीय भवनों मे ईको निवास संहिता) को प्रसारित करते हुए अतार्किक विकास के प्रभावों को कम किया जाना एवं भवनों में ऊर्जा संरक्षण व नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा दिये जाने के दृष्टिगत सम्बन्धित हितधारकों के क्षमता विकास एवं मानव संसाधन को सृजित किया जाना है ।

इस अवसर पर प्राचार्या फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एण्ड प्लानिग/डीन एकेटीयू प्रो0 वंदना सहगल द्वारा कहा गया कि एम0ओ0यू के माध्यम से यूपीनेडा से जुडकर सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में सफलता मिलेगी। निदेशक यूपीनेडा द्वारा कहा गया कि आर्किटेक्चर कॉलेज के विद्यार्थियों एवं प्रवक्ताओं का सहयोग प्राप्त करते हुये यूपीनेडा ईसीबीसी कोड को प्रभावी ढंग से लागू करने में सफल होगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा वैज्ञानिक तरीके से ऊर्जा दक्ष भवनों का निर्माण कराया जाना संभव हो सकेगा जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी सुधार आयेगा। इस दौरान विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुडे सचिव ऊर्जा दक्षता ब्यूरो विद्युत मंत्रालय भारत सरकार श्री आर.के राय ने यूपीएसडीए/यूपीनेडा की सराहना करते हुये कहा कि यूपीएसडीए ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में कई कार्य प्रारम्भ करने वाला प्रथम राज्य है। इससे पूर्व यूपीनेडा के प्रभारी ईसीबीसी श्री रामकुमार वरिष्ठ परियोजना अधिकारी ने ऊर्जा दक्ष भवनों के संबंध में किए जा रहे कार्यों तथा एमओयू के महत्वपूर्ण उद्देश्यों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी यूपीएसडीए श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया।

अंत में यूपीनेडा के सचिव श्री अनिल कुमार के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों विशेषकर प्रो0 वंदना सहगल एवं श्री आर के राय सचिव बीईई को धन्यवाद करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।